कर्मचारी राज्य बीमा निगम

(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार )

EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION

(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय/ REGIONAL OFFICE,

पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर-208005

PANCHDEEP BHAWAN, SARVODAYA NAGAR, KANPUR-208005

Phone: 0512-2217957

**Email:** rd-up@esic.nic.in

पत्र सं. 21-ए-24/12/1/एम.टी.एस./1/2024-स्था. दिनांक- 25-10-2024

**परिपत्र**

उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यरत मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग के कर्मचारियों की वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 तथा 2023 की दिनांक- 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची इस आशय के साथ परिचालित की जा रही है कि उत्तर प्रदेश क्षेत्र के समस्त उप क्षेत्रीय कार्यालय/ कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/ क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के कार्यालयाध्यक्ष व शाखाधिकारी तथा क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अतंर्गत आने वाले सभी शाखा कार्यालयों/औषधालय सह शाखा कार्यालयों के शाखा प्रबंधक/प्रभारी अपने अधीनस्थ मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग के समस्त कार्मिकों को इसका अवलोकन करा दें तथा इसकी पुष्टि हेतु हस्ताक्षर प्राप्त करना सुनिश्चित करें ।

मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग की उपरोक्त वरिष्ठता सूची DoPT व मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार निम्नानुसार तैयार की गई है-

**1.** मल्टी-टास्किंग संवर्ग के कार्मिकों की वरिष्ठता DoPT के पत्र सं. 200 11/2/2019-Estt. (D), दि. 13.08.2021 के अनुसार तैयार की गई है ।

**2.** अंतर्क्षेत्रीय स्थानांतरण के अंतर्गत उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कार्यग्रहण करने वाले कार्मिकों की परस्पर वरिष्ठता मुख्यालय के पत्र सं. A-33/19/1/IRT/2020-E.II दि. 20.01.2021 द्वारा जारी अंतर्क्षेत्रीय स्थानांतरण नीति के बिंदु 5 (c) के अनुसार (भर्ती वर्ष, भर्ती वर्ष समान होने पर परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने की तिथि, परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने की तिथि समान होने पर नियुक्ति तिथि, नियुक्ति तिथि समान होने पर जन्मतिथि व जन्मतिथि समान होने पर नाम के अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के अनुसार) निर्धारित की गई है ।

**3.** कारुण्य आधार पर नियुक्त कार्मिकों की वरिष्ठता DoPT के द्वारा जारी "SCHEME FOR COMPASSIONATE APPOINTMENT UNDER CENTRAL GOVERNMENT" दि. 02.08.2022 के अनुसार निर्धारित की गई है ।

ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची में क्रम सं. 1 से 69 तक के कार्मिकों के संबंध में वरिष्ठता पहले ही अंतिम रूप से निर्धारित की जा चुकी है, किन्तु सेवा-पुस्तिका व व्यक्तिगत पत्रावली में उपलब्ध विवरण के अनुसार कार्मिकों के विवरण में संशोधन किया गया है, अतः क्रम सं. 1 से 69 तक के कार्मिकों के संदर्भ में विवरण के संबंध में तथा क्रम सं. 70 से 159 के कार्मिकों के संदर्भ में वरिष्ठता/ विवरण के संबंध में त्रुटियाँ/ आपत्तियाँ यदि कोई हों, तो कर्मचारियों से प्राप्त कर अभ्यावेदन केवल ई-मेल anita.suresh@esic.nic.in तथा alokk.rai@esic.nic.in पर **दि. 14.11.2024 को सायं 05:00 बजे तक** इस कार्यालय को अवश्य प्रेषित कर दें अन्यथा विलम्ब से प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा वरिष्ठता सूची को अंतिम मान लिया जाएगा ।

उप क्षेत्रीय कार्यालय/कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल/ शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय द्वारा विवरण के संबंध में अभ्यावेदन/ आपत्ति अग्रेषित करते समय संबंधित साक्ष्य (सेवा पुस्तिका/ कार्यालय आदेश की सत्यापित प्रति) संलग्न की जानी आवश्यक है ।

ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची में क्रम सं. 1 से 69 तक के कार्मिकों के संबंध में वरिष्ठता के संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची वेबसाइट www.esic.gov.inपर भी उपलब्ध है ।

संलग्नकः यथोपरि ।

Signed by Anita Suresh
Date: 25-10-2024 11:50:05
(अनीता सुरेश)

उप निदेशक (स्थापना-I)

**प्रतिलिपिः-**

1. क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) महोदय, के निजी सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ ।

2. उप निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, नोएडा/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल, जाजमऊ, कानपुर/ बरेली/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

4. समस्त शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

5. क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन समस्त शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

6. शाखाधिकारी, आई.टी. शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि मल्टी-टास्किंग स्टाफ संवर्ग की ड्राफ्ट वरिष्ठता सूची की प्रति विषय "DRAFT SENIORITY LIST OF MULTI TASKING STAFF POSTED IN U.P. REGION for Year 2019, 2020, 2021, 2022 & 2023 (as on 31.12.2023) " के साथ वेबसाइट पर अपलोड कराने का श्रम करें ।

7. क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर के सभी नोटिस बोर्ड ।